

PRATHAM BOOKS
A Book in Every Child's Hand

# एक सफ़र, एक खेल

**Author:** Rohini Kejriwal
**Illustrator:** Sahitya Rani
**Translator:** Deepa Tripathi

पठन स्तर २



नीना पहली बार रेल से सफ़र करने जा रही है!



लेकिन वह ज़रा भी ख़ुश नहीं है। उसका परिवार कोलकता से दिल्ली जा रहा है, क्योंकि उन्हें अब वहीं रहना है।



''क्या हमें सचमुच यहाँ से जाना ही पड़ेगा?'' नीना ने पूछा।
''मेरे सारे दोस्तों-सहेलियों को मेरी याद ज़रूर आयेगी।
''यहाँ जैसे बढ़िया पुचके मुझे कहाँ मिलेंगे? बाबा,
आप कोलकाता में ही कोई दूसरी नौकरी क्यों नहीं ढूँढ लेते?''



''परेशान मत हो, नीना,'' बाबा बोले। ''तुम्हें नये साथी-सहेली मिल जाएंगे और नया पुचकेवाला भी मिल जायेगा।''

लेकिन नीना कुछ भी सुनने को तैयार ही नहीं है। रेलगाड़ी में माँ और बाबा ने उसे मनाने की बहुत कोशिश की।



''कप वाली आइसक्रीम लेगी?''

''कोन वाली आइसक्रीम खाएगी?''

''डंडी वाली आइसक्रीम चाहिए?''

''खीरा खाएगी?''


''टॉफ़ी?''

''नहीं! मैंने मना किया न!'' नीना ने न में सिर हिलाते हुए कहा।



माँ और बाबा को कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि वह और क्या कर सकते हैं। फिर बाबा मुस्कराए।

''मैं देख रहा हूँ...'' बाबा ने कहना शुरू किया।
''ओह! मेरा पसंदीदा खेल,'' माँ बोली।



''मुझे कुछ दिखाई दे रहा है जिसका रंग भूरा है,'' बाबा ने कहा।



''मेरे जूते? पहाड़ियाँ? सूटकेस?'' माँ ने पूछा।



''सही जवाब है सूटकेस!'' बाबा तालियाँ बजाते हुए बोले। नीना ने किताब नीचे रख दी और उनकी बातें सुनने लगी।



''अब मेरी बारी है,'' माँ ने कहा।

''मुझे पीला-पीला कुछ दिख रहा है।''

''सरसों का खेत!'' बाबा ने जवाब दिया।

''मेरा हेअरबैंड!'' नीना बोली।

''ठीक बताया,'' माँ ने नीना के लिए तालियाँ बजायीं।



नीना हंस पड़ी और उनके साथ शामिल हो गयी।
''कुछ देख रही हूँ मैं, नीले रंग का,'' वह बोली।
''आसमान!” माँ ने कहा।



''कुछ भूरे रंग का देख रही हूँ मैं,'' माँ ने कहा।
''वह पहाड़ी!'' बाबा ने जवाब दिया।
''और मैं देख रहा हूँ कुछ सफ़ेद,'' बाबा बोले।
''गाय!'' नीना ने कहा।



''मैं कुछ देख रही हूँ जो है हरा-हरा,'' नीना बोली।
''घास!'' माँ और बाबा एक साथ बोले।
''मुझे कुछ काले रंग का दिखाई दे रहा है,'' माँ ने कहा।
''कौवा!'' नीना बोली।



''मुझे एक लम्बा सा जानवर दिख रहा है जिस पर भूरे रंग के धब्बे हैं,'' बाबा ने कहा।

''क्या तुम्हें तेंदुआ दिखाई दिया?'' माँ ने पूछा।

''नहीं, जिराफ़!'' बाबा ने कहा।

नीना खिड़की से बाहर देखते हुए चिल्लायी, ''भारत में जिराफ़ नहीं होते! आप हमें बेवकूफ़ बना रहे हैं, बाबा!''

नीना का इतना कहना था कि सब खिलखिलाकर हंसने लगे।



बाबा और माँ ने एक कंबल सीट पर बिछाया। फिर हवा वाले एक तकिये को फूंक कर फुलाया।

''क्या यह खेल हम दिल्ली पहुँच कर भी खेल सकते हैं?'' नीना ने मुस्कुराते हुए पूछा।

फिर बोली, ''मुझे मालूम है कि नयी जगह पर यह खेल खेलने में तो और भी मज़ा आयेगा!''

This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

## Story Attribution:

This story: एक सफ़र, एक खेल is translated by Deepa Tripathi . The © for this translation lies with Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Based on Original story: 'All Aboard', by Rohini Kejriwal . © Pratham Books , 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

## Other Credits:

'Ek Safar, Ek Khel' has been published on StoryWeaver by Pratham Books. Guest editor: Andrew David. www.prathambooks.org

## Images Attributions:

Cover page: A Girl at the railway station, by Sahitya Rani © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 2: A Railway Platform, by Sahitya Rani © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 3: Father and Daughter standing on the footboard, by Sahitya Rani © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 4: Girl Imagining with father, by Sahitya Rani © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 5: Father and Daughter walking , by Sahitya Rani © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 6: Girl saying no to junk food, by Sahitya Rani © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 7: Father and Mother with closed eyes, by Sahitya Rani © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 8: Father with big wide eyes opened, by Sahitya Rani © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 9: Father and Mother and Girl in the train bogey, by Sahitya Rani © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 10: Father and Mother talking and girl seeing, by Sahitya Rani © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories  provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

## Images Attributions:

Page 11: Mother and Girl talking, by Sahitya Rani © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 12: Girl with her things besides her, by Sahitya Rani © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 13: Girl looking out from the train, by Sahitya Rani © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 14: Nature, by Sahitya Rani © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 15: Nature view from train window, by Sahitya Rani © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 16: Father Mother sitting and daughter standing, by Sahitya Rani © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

# एक सफ़र, एक खेल

(Hindi)

नीना का परिवार कोलकाता से दिल्ली रहने जा रहा है, और वह इस बात से ख़ुश नहीं है। क्या उसके माता-पिता रेलगाड़ी के सफ़र में उसका मन बहला पाएंगे?

This is a Level 2 book for children who recognize familiar words and can read new words with help.

PRATHAM BOOKS storyweaver

Pratham Books goes digital to weave a whole new chapter in the realm of multilingual children's stories. Knitting together children, authors, illustrators and publishers. Folding in teachers, and translators. To create a rich fabric of openly licensed multilingual stories for the children of India  and the world. Our unique online platform, StoryWeaver, is a playground where children, parents, teachers and librarians can get creative. Come, start weaving today, and help us get a book in every child's hand!